# कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
## खण्ड कार्यालय, उ०प्र० जल निगम (ग्रा०), सिद्धार्थनगर

Mob No-9473942704 Email ID- upjnrsiddharthnagar@upjn.co.in


पत्रांक 1394 / डब्लू–18 / 466 दिनांक 30.08.2026

सेवा में,

अधिशासी निदेशक,
राज्य पेयजल एवं स्वच्छता मिशन,
नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग,
लखनऊ।

विषयः– दिनांक 29.07.2026 को दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर "जल जीवन मिशन की टंकी एक साल से अधूरी : देऊरी में शुद्ध पेयजल का सपना अधूरा, ग्रामीण परेशान" के नकारात्मक खबर के सम्बन्ध मे।

महोदय,

उपरोक्त विषयक दिनांक 29.07.2026 को समाचार पत्र दैनिक भास्कर में प्रकाशित खबर **"जल जीवन मिशन की टंकी एक साल से अधूरी : देऊरी में शुद्ध पेयजल का सपना अधूरा, ग्रामीण परेशान"** के सम्बन्ध में अवगत कराना है कि देऊरी पाइप पेयजल योजना का कार्य जल जीवन मिशन (फेज–5) कार्यक्रम अन्तर्गत मेसर्स जैक्सन–विश्वराज (जे0वी0) द्वारा सम्पादित किया जा रहा है। उक्त पेयजल योजना में शिरोपरि जलाशय 40 प्रतिशत, नलकूप 100 प्रतिशत, बाउन्ड्रीवाल 90 प्रतिशत, सोलर 100 प्रतिशत, वितरण प्रणाली का कार्य 14188 मी0 के सापेक्ष 9344 मी0, एवं गृह संयोजन 778 नग के सापेक्ष 108 नग का कार्य पूर्ण करा दिया गया है। वर्तमान में योजना की कुल भौतिक प्रगति 62 प्रतिशत के सापेक्ष वित्तीय प्रगति 35 प्रतिशत है। फर्म का भुगतान विगत 18 माह से लम्बित होने के कारण योजना का कार्य प्रभावित हुआ है। दिनांक 30.07.2026 को खण्ड के जूनियर इंजीनियर श्री ज्योतिष चौधरी एवं फर्म के इंजीनियर श्री सुमित कुमार की उपस्थिति में योजना का स्थलीय निरीक्षण किया गया। ***प्रकाशित खबर में यह उल्लिखित किया गया है कि विगत 01 वर्ष से योजना का कार्य बन्द पड़ा है।*** मौके पर उपस्थित फर्म के इंजीनियर श्री सुमित कुमार द्वारा यह अवगत कराया है कि उक्त पेयजल योजना में माह अप्रैल तक शिरोपरि जलाशय का कार्य प्रगति पर था। अतः प्रकाशित खबर में उल्लिखित ***विगत 01 वर्ष से योजना का कार्य बन्द पड़ा है, उक्त खबर निराधार एवं बेबुनियाद है,*** जिससे विभाग की छवि धूमिल हो रही है।

उक्त पेयजल योजना के अवशेष कार्यो को पूर्ण कराने हेतु फर्म के प्रोजेक्ट मैनेजर को कार्य प्रारम्भ कराते हुये कार्य स्थल का फोटोग्राफ सहित खण्ड कार्यालय को अवगत कराने हेतु निर्देशित कर दिया गया है।

संलग्नकः– फोटोग्राफ।

भवदीय

(संजय कुमार जायसवाल)
अधिशासी अभियन्ता

पृ0सं0 एवं दिनांक यथोपरिः–

प्रतिलिपिः–निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1– मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
2– जिलाधिकारी, महोदय, सिद्धार्थनगर।
3– मुख्य अभियन्ता (गो0क्षे0), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), गोरखपुर।
4– अधीक्षण अभियन्ता, मण्डल कार्यालय, उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), बस्ती।
5– जिला सूचना अधिकारी, सिद्धार्थनगर।
6– चीफ ब्यूरों, दैनिक भास्कर, सिद्धार्थनगर।
7– श्री अमर बहादुर, सहायक अभियन्ता।/ श्री ज्योतिष चौधरी, जू0इं0।
8– मेसर्स जैक्सन–विश्वराज (जे0वी0), सिद्धार्थनगर।

अधिशासी अभियन्ता

Scanned with CamScanner


















Scanned with CamScanner